

# एएफसी चैम्पियंस लीग : अल-अहली ने अल हिलाल को हराकर फाइनल में बनाई जगह

जेद्दाह

एएफसी चैम्पियंस लीग एलीट सेमीफाइनल में अल-अहली ने मंगलवार को जेद्दाह में खेले गए मुकाबले में अल-हिलाल को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ अल-अहली अब अपने पहले एशियाई खिताब से सिर्फ एक कदम दूर है।

### फिरमिनो और टोनी ने दिलाई शुरुआती बढ़त

मैच की शुरुआत से ही अल-अहली ने आक्रामक खेल दिखाया। 9वें मिनट में रॉजर इबानेज के पास पर ब्राज़ीलियन विंगर गेलेनो ने शानदार क्रॉस दिया, जिसे रॉबर्टो फिरमिनो ने छह गज के बॉक्स में पहुंचते हुए गोल में तब्दील कर दिया। 27वें मिनट में रियाद महरेज़ के पास पर इवान टोनी ने दूसरा गोल दागा। हालांकि इसे पहले ऑफसाइड करार दिया गया, लेकिन वीएआर जांच के बाद गोल मान्य हुआ।

पहले हाफ के आखिरी पलों में सालेम अल-दोसारी ने एक मौका भुनाते हुए स्कोर 2-1 कर दिया। लेकिन दूसरे हाफ में अल-हिलाल को बड़ा झटका तब लगा जब 60वें मिनट में कालिदू कुलीबाली को दूसरा येलो कार्ड मिला और टीम 10 खिलाड़ियों के साथ रह गई।

### देर से आए मौके, लेकिन अल-अहली ने की जीत पक्की

अल-अहली ने लगातार तीसरे गोल की कोशिश की और 85वें मिनट में उसे पेनल्टी भी मिली, लेकिन फ्रैंक केसी की किक को यासीन बोनू ने बचा लिया। हालांकि इंजुरी टाइम में फेरास अल-ब्रीकान ने तीसरा गोल दागकर टीम की जीत पक्की कर दी और घरेलू दर्शकों को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया।

कोच जैस्ले ने टीम को सराहा मैच के बाद अल-अहली के कोच माथियास जैस्ले ने कहा, ये एक शानदार शाम थी। मैं अपने हर खिलाड़ी और हमारे फैंस पर गर्व करता हूं। ये जीत पूरी तरह से हमारी मेहनत का नतीजा है।

### फाइनल में अल-नास्र या कावासाकी से भिड़ंत

अब अल-अहली का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल में या तो साथी सऊदी क्लब अल-नास्र से होगा या जापान के कावासाकी फ्रंटाले से, जो बुधवार को दूसरा सेमीफाइनल खेलेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली कैपिटल्स पर जीत के दौरान अजिक्य रहाणे हुए चोटिल, चोट गंभीर नहीं



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली 14 रन की जीत के दौरान हाथ में चोट लग गई। अब उनकी चोट की गंभीरता का मूल्यांकन आज टीम के मेडिकल स्टाफ द्वारा किया जाएगा। फील्डिंग के दौरान लगी चोट, मैच से बाहर रहे रहाणे रहाणे को ये चोट उस वक्त लगी जब वे शॉर्ट कवर पर फील्डिंग कर रहे थे। आंद्रे रसेल की गेंद पर फाफ डु प्लेसिस ने जोरदार शॉट मारा, जो सीधा रहाणे के दाहिने हाथ पर लगा। गेंद मिड ऑफ की ओर गई और इस दौरान रहाणे तुरंत मैदान छोड़कर मेडिकल सहायता लेने चले गए। इसके बाद वे पूरे मैच में मैदान पर नहीं लौटे और उनका हाथ पट्टी से बंधा नजर आया। सुनील नारायण ने की कप्तानी, आखिरी 9 ओवरों में दिलाई जीत रहाणे के बाहर होने और उपकप्तान वेंकटेश अय्यर की जगह इम्पैक्ट प्लेयर वैभव अरोड़ा के आने के बाद, सुनील नारायण को टीम की कमान सौंपी गई। उन्होंने आखिरी नौ ओवरों में कप्तानी करते हुए शानदार गेंदबाजी की और अक्षर पटेल, ट्रिस्टन स्टब्स और फाफ डु प्लेसिस को आउट कर मैच का रुख बदल दिया। ठीक हूं, ज्यादा गंभीर नहीं है चोट - रहाणे पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में रहाणे ने अपनी चोट को ज्यादा गंभीर नहीं बताया। उन्होंने कहा, कोई बड़ी बात नहीं है। मैं ठीक हूं, सब ठीक रहेगा। 2021 की तरह फिर से कर सकते हैं वापसी केकेआर फिलहाल 10 मैचों में 9 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। रहाणे ने कहा कि टीम को 2021 की तरह प्लेऑफ में पहुंचने का आत्मविश्वास है।

### वैभव की पारी को लेकर शुभमन के बयान पर भड़के अजय जडेजा



**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने गुजरात के कप्तान शुभमन गिल की उस बयान के लिए आलोचना की है। जिसमें शुभमन ने वैभव सूर्यवंशी की धमामेदार पारी को लेकर कहा है कि ये उनका दिन था। वैभव ने गुजरात के खिलाफ मुकाबले में केवल 35 गेंदों में ही शतक लगाकर सभी को हैरान कर दिया था। अपनी टीम की हार से निराश शुभमन ने इस दिन को वैभव के लिए भाग्य शाली करार दिया था। शुभमन ने कहा, यह वैभव के लिए भाग्यशाली दिन रहा। उनकी पारी जबरदस्त थी और उन्होंने हालातों का पूरा लाभ उठाया। इसपर जडेजा नाराज हो गए। जडेजा ने कहा, टीवी पर कुछ खिलाड़ी वैभव के शतक को केवल एक भाग्यशाली दिन बता रहे हैं जबक एक 14 साल के बच्चे की आत्मविश्वास से खेली पारी जिससे कि विरोधी टीम हार जाये कोई छोटी बात नहीं है। ये कहना किसी भी तरह से सही नहीं। उन्होंने आगे कहा, हम सभी ने 14-15 साल की उम्र में क्रिकेट खेलने का सपना देखा था और ऐसी पारियों की कल्पना की थी पर इस खिलाड़ी ने मैदान में जाकर उस सपने को साकार किया. उसकी ताकत, उसकी टाइमिंग, उसकी संयम देखकर मैं हैरान हूं।

### प्रतिका रावल ने रचा नया इतिहास, वनडे क्रिकेट में लगातार पांचवां अर्धशतक जमाया



**नई दिल्ली।** श्रीलंका में चल रही त्रिकोणीय श्रृखला में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज प्रतिका रावल ने अपने धमाकेदार प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। उन्होंने वनडे क्रिकेट में लगातार पांचवीं बार अर्धशतक लगाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ वह वनडे क्रिकेट में लगातार पांच बार अर्धशतक जड़ने वाली दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं। इसके अलावा प्रतिका ने अपने वनडे करियर के महज आठवीं पारी में 500 रन पूरे करके एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह सबसे तेज 500 रन बनाने वाली भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं। त्रिकोणीय श्रृखला के दूसरे मैच में प्रतिका ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 91 गेंदों में 78 रनों की पारी खेली जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल था। उन्होंने इस पारी के दौरान हरलीन देओल के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 रनों की अहम साझेदारी भी की। इससे पहले वह स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 83 रन जोड़ चुकी थीं। मंधाना 36 रन बनाकर आउट हो गईं। लेकिन प्रतिका ने पारी को आगे बढ़ाते हुए न केवल अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया बल्कि एक और अर्धशतक जड़कर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा दिया। इस त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में भी उन्होंने 62 गेंदों में नाबाद 50 रन बनाए थे और प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गई थीं।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आजमाएगी नए संयोजन



पर्थ

ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मुकाबलों में हार के बाद अब भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में उतरने जा रही है। यह मुकाबले 1, 3 और 4 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे।

**भारत 1, 3 और 4 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेलेगा तीन मुकाबले**

**शुरुआती दो हार के बाद अब नई रणनीति की तैयारी** - पहले मैच में भारत ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन अंत में 3-5 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ए ने पहले हाफ में ही चार गोल दाग दिए। भारत की ओर से कप्तान महिमा टेटे (27'), नवनीत कौर (45') और लालरेमसियामी (50') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ए के लिए नीसा फ्लिन (3'), ओलिविया डाउन्स (9'), रूबी हैरिस (11'), टैटम स्टीवर्ट (21') और केंद्रा फिट्जपैट्रिक (44') ने गोल किए। दूसरे मैच में भारत को 2-3 से हार झेलनी पड़ी। इस मैच में भारत ने ज्योति सिंह (13') के जरिए शुरुआती बढ़त बनाई, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से एवी स्टैंसबी (17'), डेल डोल्केन्स (48') और जैमी-ली सुरहा (52') ने गोल दागे। भारत की ओर से दूसरा गोल सुनलीता टोप्पो (59') ने किया लेकिन बराबरी नहीं हो पाई।

**सीनियर ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाफ होगी असली परीक्षा** - अब भारतीय टीम सीनियर ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाफ मैदान में उतरेगी, जिससे मुकाबला और भी चुनौतीपूर्ण होगा। पिछली बार जब दोनों टीमें आमने-सामने आई थीं, तब भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में 1-0 से जीत दर्ज की थी। कप्तान सलीमा टेटे और उपकप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में 26 सदस्यीय भारतीय टीम इस बार भी उसी जज्बे के साथ उतरने को तैयार है।

**कोच हरेंद्र सिंह ने युवाओं पर जताया भरोसा** - टीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए चीफ कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, हमने कुछ सॉफ्ट गोल जरूर खाए हैं जो निराशाजनक रहे, लेकिन प्रदर्शन काफी प्रतिस्पर्धी रहा है। यह टेस्ट सीरीज है, यहां जीत-हार से ज्यादा अनुभव अहम है। कई खिलाड़ी पहली बार देश से बाहर खेलने आए हैं। मैं उन्हें मौका दे रहा हूं ताकि वे भविष्य के लिए तैयार हो सकें। अब तक लगभग सभी को खेलने का मौका मिला है, लेकिन अब हम सर्वश्रेष्ठ संयोजनों को आजमाएंगे।

सिंह ने बताया कि वर्ल्ड कप से पहले हर युवा खिलाड़ी को कम से कम 35 इंटरनेशनल मैच खेलने का लक्ष्य है। महिमा टेटे ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। वह तेज, फुर्तीली और बहुत संभावनाशाली खिलाड़ी हैं। साथ ही पूजा, सुजाता, अजमीना जैसी खिलाड़ी भी अच्छा कर रही हैं। उन्होंने अंत में कहा, टीम में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है और सभी खिलाड़ी सीखने की कोशिश कर रहे हैं।

# बीसीसीआई बना रहा आईपीएल विस्तार का प्लान, 94 मैच खिलाने पर कर रहा विचार




नई दिल्ली

आईपीएल के आगामी संस्करणों में विस्तार की योजना पर विचार किया जा रहा है। बीसीसीआई का प्लान था कि 2025 तक आईपीएल के मैचों की संख्या बढ़ाकर 84 की जाए, लेकिन अत्यधिक व्यस्त कार्यक्रम और प्रसारणकर्ताओं की आपत्तियों के चलते विस्तार में देरी हो गई। अब भविष्य में आईपीएल के विस्तार पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। बीसीसीआई के चेयरमैन अरुण धूमल ने साफ कहा कि आगामी मीडिया-राइट्स चक्र के तहत, जो 2028 से शुरू होगा, आईपीएल को होम-एंड-अवे प्रारूप में 94 मैचों के साथ आयोजित करने पर विचार कर रहे हैं। धूमल ने कहा कि यह एक अवसर हो सकता है और हम इस बारे में आईसीसी और बीसीसीआई में चर्चा कर रहे हैं। द्विपक्षीय क्रिकेट और आईसीसी आयोजनों के संदर्भ में प्रशंसकों की रुचि किस तरह से बदल रही है, इस पर विचार किया जा रहा है।

हमें खेल के हितधारकों के लिए अधिकतम मूल्य बनाने के तरीके पर गहरी सोच रखनी होगी। हम आईपीएल को बढ़ाकर 74 से 94 मैचों तक करने का प्लान तैयार कर रहे हैं, ताकि हर टीम को घर और बाहर खेलते हुए प्रत्येक अन्य टीम से मुकाबला करने का मौका मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में, यह विचार अल्पावधि में व्यावहारिक नहीं हो सकता क्योंकि द्विपक्षीय क्रिकेट और आईसीसी आयोजनों के संबंध में बीसीसीआई की पहले से तय विंडो है। धूमल का माना है कि भविष्य में जब क्रिकेट की परिस्थितियां बदलेंगी, तो इस विषय पर फिर से विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके विस्तार के लिए संभावित रूप से अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर में दो और सप्ताह जोड़ने की जरुरत होगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अल्पावधि में आईपीएल का वर्तमान स्वरूप ही सही है और इसमें किसी तरह का बदलाव अभी संभव नहीं है। इस बारे में जब फ्रेंचाइजी अधिकारियों से पूछा गया, तो उन्होंने 94 मैचों के सीजन को प्राथमिकता दी है। उनका मानना :है कि यह विस्तार आईपीएल के लिए फायदेमंद हो सकता है, लेकिन इसका निर्भरता इस बात पर होगी कि ब्रॉडकास्टर इसे कितनी प्राथमिकता देते है।

## हरभजन ने बाबा महाकाल के दर्शन किये



भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने उज्जैन पहुंचकर बाबा के दर्शन किये हैं। दर्शन और पूजा अर्चना के बाद हरभजन ने मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की! उन्होंने कहा कि मंदिर समिति बहुत अच्छा काम कर रही है. यहां की दर्शन व्यवस्था बहुत अच्छी है। साथ ही कहा कि बाबा ऐसे ही बुलाते रहें। इसी की मै आगे भी कामना करता हूं। हरभजन ने कहा कि वह बहुत प्रसन्न हैं कि उन्हें महाकाल के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने सभी लोगों का आभार भी जताया है। उन्होंने कहा कि वह अपने को भाग्यशाली समझते हैं क्योंकि बाबा ने उन्हें दर्शनों के लिए बुलाया। तभी वह यहां दर्शन कर सके हैं। वहीं इस दिग्गज स्पिनर ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि वह घटना बहुत ही दुखद है। अब समय आ गया है कि जब हम सभी लोगोंको एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ कठोरतम कदम उठाने चाहिए। इस प्रकार की घटनाओं को सहन नहीं किया जा सकता कि कोई हमारे देश में घुसकर ही लोगों को मारकर भाग जाये और हम ऐसे ही बैठे रहें।

# ग्रैंड चेस टूर, पोलैंड ब्लिट्ज 2025 : प्रज्ञानानंद दूसरे स्थान पर, फेडोसेव शीर्ष पर कायम

वारसॉ (पोलैंड)

**ग्रैंड चेस टूर 2025 के सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज पोलैंड टूर्नामेंट में ब्लिट्ज सेगमेंट के पहले दिन रूस के ग्रैंडमास्टर व्लादिमीर फेडोसेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप पोजिशन पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। वहीं भारत के आर. प्रज्ञानानंद और अरविंद चिथांबरम के लिए यह दिन मिले-जुले नतीजों वाला रहा।**



फेडोसेव का अपराजेय अभियान जारी रैपिड सेक्शन में भी दमदार खेल दिखा चुके फेडोसेव ने ब्लिट्ज के नौ राउंड में एक भी मुकाबला नहीं हारा। मौजूदा यूरोपीय चैंपियन (रैपिड और चेस960 दोनों फॉर्मेट में) फेडोसेव अब 19 अंकों के साथ पहले स्थान पर काबिज हैं। प्रज्ञानानंद की छलांग, दूसरे स्थान पर पहुंचे भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने ब्लिट्ज में चार मुकाबले जीते जबकि तीन में हार का सामना करना पड़ा। इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने कुल स्कोर में बढ़त बनाते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया। अब निगाहें 30 अप्रैल को होने वाले अंतिम नौ राउंड पर टिकी हैं कि क्या युवा खिलाड़ी फेडोसेव की बढ़त को पाट पाएंगे।

### चिथांबरम की लड़खड़ाती शुरुआत, तीसरे स्थान पर खिसके

अरविंद चिथांबरम ब्लिट्ज राउंड में फॉर्म में नजर नहीं आए। उन्होंने केवल दो मुकाबले जीते जबकि चार में उन्हें हार झेलनी पड़ी। हालांकि रैपिड सेगमेंट में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के चलते वह अब भी मैक्सिम वचिएर-लाग्रेव और लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।


### टूर्नामेंट का फॉर्मेट और लोकेशन

सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज पोलैंड टूर्नामेंट में पहले सिंगल राउंड-रॉबिन रैपिड सेक्शन खेला गया, जिसके बाद डबल राउंड-रॉबिन ब्लिट्ज सेगमेंट जारी है। ब्लिट्ज में 5+2 टाइम कंट्रोल रखा गया है और हर जीत पर 1 अंक, ड्रॉ पर 0.5 अंक तथा हार पर 0 अंक मिलते हैं। टूर्नामेंट वारसॉ स्थित म्यूजियम ऑफ द हिस्ट्री ऑफ पोलिश ज्यूज में खेला जा रहा है।

# चैंपियंस लीग सेमीफाइनल : डेम्बेले के गोल से पीएसजी ने आर्सेनल को पहले चरण में 1-0 से हराया

लंदन

**फ्रांस के क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण में आर्सेनल को उसके घरेलू मैदान पर हराकर फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिया है। एमिरेट्स स्टेडियम में खेले गए इस मुक़ाबले की शुरुआत ही धमाकेदार रही। फ्रांस के खिलाड़ी उस्मान डेम्बेले ने मैच के चौथे मिनट में गोल दागकर पीएसजी को शुरुआती बढ़त दिला दी। डेम्बेले ने बीच के घेरे से गेंद आगे बढ़ाई, ख्विचा क्वारात्स्खेलिया को पास दिया और आगे दौड़ लगाते हुए वापस मिली पास पर गोल कर दिया।**



गोल करने के बाद पीएसजी ने पूरे मैच में संतुलित और अनुशासित खेल दिखाया। आर्सेनल को बराबरी का कोई ठोस अवसर नहीं मिल सका और उसे 18 यूरोपीय घरेलू मुकाबलों के बाद पहली हार झेलनी पड़ी। मिकेल आर्तेता की टीम इससे पहले मौजूदा विजेता रियल मैड्रिड को दो चरणों में 5-1 से हराकर अंतिम चार में पहुंची थी।

### वीडियो सहायक रेफरी ने छीना गोल, डोनारुमा का शानदार प्रदर्शन

पहले हाफ के अंत में गेब्रियल मार्टिनेली का शक्तिशाली शॉट इटली के गोलकीपर जानलुइजी डोनारुमा ने शानदार बचाव से रोक दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत में मिकेल मेरिनो का हेडर गोल में गया, लेकिन वीडियो सहायक रेफरी (वीएआर) ने उसे ऑफसाइड बताकर अमान्य कर दिया। इसके बाद भी लिएंड्रो त्रोसार्ड और मेरिनो जैसे खिलाड़ियों ने मौके बनाए, लेकिन डोनारुमा दीवार बनकर खड़े रहे।

### धीमी गति से मैच को नियंत्रित किया, लेकिन चूके मौके

मैच के अंतिम समय में पीएसजी ने गति धीमी कर खेल को नियंत्रण में रखा। हालांकि, ब्रैडली बारकोला और गोंकालो रामोस के पास बढ़त को दोगुना करने के मौके थे। लेकिन बारकोला का शॉट लक्ष्य से बाहर चला गया और रामोस की कोशिश क्रॉसबार से टकरा गई। अब दूसरा चरण पेरिस में, फाइनल की ओर बढ़ी पीएसजी

अब दूसरा मुकाबला 7 मई को पेरिस के पार्स दे प्रेंस मैदान पर खेला जाएगा, जिसमें पीएसजी को मामूली बढ़त हासिल होगी। टीम बार्सिलोना या इंटर मिलान के खिलाफ फाइनल में जगह बनाने के करीब है, लेकिन उसे अपने पुराने अनुभवों को ध्यान में रखकर संभलकर खेलना होगा।